# स्टेज पर चढ़ने को लेकर हुई तकरार के बाद युवक को मारी गोली,मौत

**» युवक के बचाने आए उसके मामा और दोस्त को तेजधार हथियार से हमलाकर किया घायल औसत से बेहतर**

**» मृतक के पिता के बयान के आधार पुलिस ने किया आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज**







लुधियाना (दलजीत विक्की)
--------------------

बीते वीरवार की रात दशहरा मेला देख कर आए युवक की शेरपुर की फौजी कालोनी में कुछ गुण्डतत्वों के साथ हुई मामूली झड़प के बाद हमलावरों ने एक युवक को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी इस दौरान मृतक युवक को बचाने आये उसके मामा और दोस्त को तेजधार हथियार से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। गोली लगने के बाद युवक को गंभीर हालत में सिविल हस्पताल ले जाया गया जहाँ उसे डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया और वही उसके मामा और दोस्त को दाखिल कर लिया गया।मृत्तक की पहचान ग्यासपुरा निवासी मोनू कुमार(22) के रूप में हुई है शुक्रवार के सुबह घटनास्थल पर एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया ए जसविंदर सिंह और मोती नगर पुलिस ने पहुँच जांच शुरू कर दी है पुलिस को घटनास्थल से रिवॉलर का एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है और पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है घटना की जानकारी देते मृतक मोनू कुमार के पिता रामजी जी ने बताया कि उनकी शेरपुर फौजी कालोनी साइकिल रिपेयर की दुकान है वीरवार की रात मोनू मोटरसाइकिल से दुकान पर आया और उसने मेला देखने जाने के लिये उससे एक हज़ार रुपए मांगे। रुपए लेने के बाद मोनू वहाँ से चला गया । फिर रात साढ़े दस बजे के क़रीब मोनू वापस आया तो उसकी दुकान के पास चल रहे दुर्गा पूजा देखने चला गया। इसी दौरान उसकी वहाँ पर कुछ गुंडातत्व जोकि हाथो में हथियार ले लहरा रहे थे उनसे स्टेज पर चढ़ने को लेकर झड़प हो गई।उक्त हमलावरों ने उनपर हमला कर दिया।मोनू को बचाने आए उसके मामा दीपू और उसके साथी पर तेजधार हथियारों से सिर पर हमलाकर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। मोनू के पिता राम जी ने बताया कि जब उसे पता चला तो वह तुरंत मोनू को दुकान पर ले आया और उसे दुकान के अंदर लाकर बंद कर बाहर से शटर को ताला लगा दिया। मगर आधे घंटे बाद मोनू ने अपने बड़े भाई सोनू को फोन किया और उससे दुकान की चाबी मंगवा ताला खुलवा लिया। इतने वही हमलावर वहाँ पर पहुँच गये उनमें से एक ने रिवॉल्वर से पहले तो हवा में गोली चलाई फिर उसके बाद दूसरी गोली उसके पेट में मार दी वही मोनू को अस्पताल लेकर जाने के लिए जैसे ही उसके पिता ने उसे अपने कंधे पर उठाने की कोशिश के तो उक्त हमलावर ने उसके पीठ पर तीसरी गोली दाग दी गोली लगने से घायल मोनू कुमार और उसके उसके मामा दीपू और दोस्त विक्की को वहाँ मौजूद लोगो की सहायता से सिविल अस्पताल ले जाया गया सिविल अस्पताल पहुँचने पर वहाँ मौजूद डॉक्टरो ने मोनू को मृत घोषित कर उसके मामा दीपू का उपचार कर छुट्टी दे दी और विक्की को गंभीर चोटों के चलते दाखिल कर लिया। डॉक्टर ने मृतक मोनू कुमार के शव को मोर्चरी में रखावा घटना की सूचना थाना मोती नगर पुलिस को दी। इस संबंध में जानकारी देते थाना मोती नगर के एसएचओ भूपिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मृतक मोनू कुमार के पिता राम जी के बयान के आधार इलाके में रहने वाले युवक पप्पू शेरपुरिया,बड़ा गोलू,पवन भिखारी,मुकेश कुमार,दयानंद,रवि जयसवाल,शीशपाल, छोटा गोलू सहित आठ दस अज्ञात व्यक्तियों के ख़िलाफ़ हत्या सहित आर्म्स एक्ट का माएमएलए दर्ज कर आरोपियों के तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। घटना में इस्तेमाल रिवॉल्वर बरामद हो गई है। जिस जांच के लिए फोरेंसिक टीम को सौंप दिया गया है।

**» पप्पू शेरपुरिया के ख़िलाफ़ पहले भी दर्ज है कई अपराधिक मामले**

वही मुख्य हत्यारोपी पप्पू शेरपुरिया के ख़िलाफ़ पहले भी आधा दर्जन के करीब मामले दर्ज है वही पिछले कई साल से पप्पू इलाके में अपना नशे के साम्राज्य को चला रहा है उसके साथ इलाके में कई और भी ग्रुप है जो इलाके में खुले आम नशा बिकवाते, जो भी कोई उनका विरोध करता है उस पर अपने गुर्गों से हमला करवा बुरी तरह पिटवाया जाता है

**» शेरपुर की फौजी कालोनी में चलता है नशा तस्करों का राज, पुलिस बनी मूकदर्शक**

शेरपुर की फौजी कालोनी में नशा तस्करी पूरे चरम पर है पंजाब सरकार की चलाई जा रही मुहिम युद्ध नशे के विरुद्ध की नशा तस्करों द्वारा जमकर धज्जिया उड़ाई जा रही है इलाके में नशा खुलेआम बिक रहा है और यह सब पुलिस मूकदर्शक बनकर देख रही, अगर कोईभी स्थानीय निवासी या नेता उक्त नशा तस्करों का विरोध करता है तो उक्त नशा तस्कर अपने गुर्गे भेज उसके उपर तेजधार हथियारों से हमला करवा देते है। अगर कोई नेता इन तस्करों के खिलाफ अपनी आवाज उठाता है तो उसे ये नशा तस्कर जान से मारने की सरेआम धमकिया देते हैऔर पुलिस को शिकायत करने पर पुलिस कार्यवाही सिर्फ खानापूर्ति करती है।

**» भाजपा नेता और समाज सेवी द्वारा आवाज उठाने पर उन्हें दी जान से मारने की धमकी**

भाजपा नेता रितेश जयसवाल ने बताया कि उन्होंने ने पिछले साल इस इलाके में नशा बेचने वालो के ख़िलाफ़ अपनी आवाज बुलंद की थी जिसके बाद उक्त नशा तस्करों द्वारा रितेश को जान से मारने की धमकिया मिलनी शुरू हो गई।वही रितेश ने कहा कि इलाके में नशा तस्करी का व्यापार अगर चरम पर है तो इसमें की पुलिस प्रशासन की कुछ काली भेड़ों की मिलीभगत से है वही समाज सेवक राजवीर ने बताया कि वे पिछले एक साल से पुलिस प्रशासन को इस इलाके में सरेआम चिट्टा बेचने वाले नशा तस्करों की वीडियो सहित जानकारी दे चुके है मगर पुलिस ने आज तक किसी भी आरोपीपर कोई कार्य वही नहीं कि बल्कि आरोपियों द्वारा आये दिन उन्हे फोन पर गोली मारने की धमकी मिल चुकी हैं वे इस संबंध में थोड़े दिन पहले एडीसीपी मंदीप सिंह को आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दे कार्यवाही की मांग की थी मगर पुलिस विभाग द्वारा उनपर कोई भीसख्त कार्यवाही नहीं की गई।

**» 13 से लेकर 18 साल के बच्चो को रूपयों का लालच दे उनसे बिकवाया जाता है चिट्टा**

वही फौजी कालोनी में पप्पू शेरपुरिया सहित कई और तस्कर है जो इलाके में चिट्टा बेचने के लिए इस काम में 13 से लेकर 18 साल के बच्चो को रूपयों का लालच दे उनसे इस इलाके में नशा तस्करी करवायी जा रही है नशा तस्करी के मामले में शेरपुर की फौजी कालोनी एक नंबर पर आती है। वही नशा तस्कर नशे की पूड़ियो के बेचने के लिए 300 से 500 रुपए तक की देहाड़ी देते है कुछ दिन पहले समाज सेवक राजवीर इस इलाके में एक बच्चे को सरेआम चिट्टे की पुड़िया प्लास्टिक के डिब्बे में बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा और सोशल मीडिया पर सारा कुछ लाइव दिखाया था मगर पुलिस को सूचना देने पर भी समय पर पुलिस के ना पहुंचने के चलते उक्त युवक राजवीर का हाथ छुड़ा कर वहाँ से फ़रार हो गया था।

# उपकार नगर मेले में चली तलवारे, दो दोस्त जख्मी एक की गर्दन कटी



लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------

उपकार नगर के मैदान में दशहरा मेला के दौरान दो पक्षो में विवाद हो गया। जहा एक पक्ष के युवको ने दूसरे पक्ष पर तलवारों से हमला कर दिया। हमले के दौरान मेले में भगदड़ मच गई। वही दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हमले में घायल एक युवक ने एक हमलावर को दबोच पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने हिरासत में लिए युवक को थाने में ले जाकर उससे पूछताछ शुरू की।

वही घायल युवकों की पहचान मनोज कुमार और मान सिंह के रूप में हुई। जोकि कुंदनपुरी के इलाके में रहता है और एक फैक्ट्री में सिलाई का काम करते है। वह दोनो दशहरा पर्व उपकार नगर में मेला देखने गये थे। जहां उनके इलाके के रहने वाले करीब एक दर्जन युवको ने उन्हें घेरकर उनसे विवाद करना शुरू कर दिया। विरोध करने उक्त युवको ने उनपर तलवारों से हमला कर दिया। हमले में मनोज की गर्दन पर गहरी चोट आई। जिसे पटियाला के राजेंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहीं उसके साथी मान सिंह को टाँके लगाकर वापिस घर भेज दिया गया।

घायल मनोज कुमार ने बताया कि उक्त युवकों के साथ करीब एक महीना पहले किसी बात को लेकर उनका विवाद हुआ था। जिसका समझौता हो गया था। फिलहाल पकड़े गया आरोपी को थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस हिरासत लेकर थाने में ले गई है। घायल युवको के बयानों के बाद पुलिस अगली कार्रवाई करेंगी।

# लुधियाना का चौड़ा बाजार एक बार फिर से होगा वन-वे, ग्राहकों मिलेगी जाम से राहत



लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------

महानगर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले चौड़ा बाजार को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने अपने आफिस में चौड़ा बाजार एसोसिएशन और उसके साथ लगती कई एसोसिएशन के चुनिंदा लोगों और ट्रैफिक पुलिस के एसीपी जतिन बांसल,नगर निगम के तहबाजारी विभाग के साथ मीटिंग की। जिसमें चौड़ा बाजार को एक बार फिर से वन-वे करने पर सहमति बनाई गई।

मीटिंग के दौरान बाजार में लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम, पार्किंग अव्यवस्था और पैदल यात्रियों की दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने माना कि चौड़ा बाजार में रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन सड़कों पर रेहड़ी फड़ी, दुकानों के बाहर पड़े सामान को लेकर और दोनों तरफ से आने-जाने वाले वाहनों के कारण बाजार में लंबा जाम देखने को मिलता था। बाजार में से लगभग 250 के करीब दुकानदारों ने अपने हस्ताक्षर कर बाजार को वन-वे करने की अपील की। दुकानदारों ने भी उम्मीद जताई कि वन-वे व्यवस्था से ग्राहकों को आसानी होगी और व्यापार पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। दुकानदारों ने कहा कि इस मुहिम में वह भी नगर निगम और पुलिस का साथ देंगे और अपनी दुकानों के बाहर कम से कम माल लगाएंगे।

सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि वन-वे सिस्टम लागू होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि अक्सर इस बाजार में हजारों की गिनती में रोजाना अलग-अलग शहरों व गांवों से ग्राहक खरीदारी करने आते हैं। जिन्हें बाजार में पैदल चलने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में त्योहारी सीजन के चलते यहां ग्राहकों का आना जाना अधिक होगा। जिसे लेकर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस मिलकर पूरे क्षेत्र में बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड और ट्रैफिक गाइडेंस का इंतजाम करेंगे।

एसीपी ट्रैफिक जतिन बांसल ने भी भरोसा दिलाया कि बाजार के अंदर गाड़ियों के गलत तरीके से पार्क होने पर सख्ती बरती जाएगी। 2 दिनों तक शहर में रथयात्रा चलनी है, जिसके बाद बाजारों का दौरा करके इस मुहिम को शुरू किया जाएगा। ताकि त्योहारों के दिनों में ट्रैफिक की आवाजाही सुचारू ढंग से हो सके और खरीददारों को सुविधा मिले।

इस मौके पर संयुक्त कमिश्नर विनीत कुमार, सहायक कमिश्नर गुरपाल सिंह, नगर निगम के तहबज़ारी विभाग की टीम और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# लुधियाना में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, बिजली से जुड़े प्रोजेक्टों की प्रगति का लिया जायजा



पंजाब सरकार के बिजली, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और एनआरआई मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा ने लुधियाना में विभिन्न बुनियादी ढांचा और नागरिक विकास प्रोजेक्टों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान अरोड़ा ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर (एनएचएआई) को लुधियाना में राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ सर्विस लेनों की तुरंत मरम्मत शुरू करने के निर्देश दिए। इसके जवाब में प्रोजेक्ट डायरेक्टर (एनएचएआई) ने मरम्मत और रख-रखाव के कार्य हेतु 150 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करने की पुष्टि की। जालंधर बाइपास के पास वाहन अंडरपास की प्रगति संबंधी अपडेट भी साझा किए गए।

शहरी सौंदर्य को बढ़ाने और नागरिक अनुशासन लागू करने के प्रयासों के तहत मंत्री ने नगर निगम और कमिश्नरेट पुलिस को लुधियाना-फिरोज़पुर एलिवेटेड हाईवे के पिलरों को नुकसान पहुँचाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के सौंदर्यीकरण में बाधा डालने वाली गतिविधियों के प्रति शून्य-सहनशीलता नीति अपनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नगर निगम को सड़कों से कचरा और लावारिस वाहनों को तुरंत हटाने को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

अरोड़ा ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और जिला प्रशासन के सहयोग से बन रहे हलवारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे समेत कई रणनीतिक बुनियादी ढांचा प्रोजेक्टों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लुधियाना-बठिंडा हाईवे, लुधियाना-खरड़ हाईवे पर मिसिंग लिंक, लुधियाना-रूपनगर कनेक्टिविटी और एलिवेटेड हाईवे के साथ पार्किंग सुविधाओं के विकास से जुड़े चल रहे कार्यों का भी मूल्यांकन किया।

इसके अलावा मंत्री ने 13 नगर निगमों में बिजली ढांचे को उन्नत करने के लिए पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की पहल की समीक्षा की, जिसमें 87 सब-डिवीजन शामिल हैं। इनमें से लुधियाना के सिविल लाइन्स सब-डिवीजन के लिए टेंडर 9 अक्तूबर को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में खोले जाएंगे। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाना और बिजली कटौती कम करना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य अहम विभागों के अंतर्गत विकास प्रोजेक्टों की व्यापक समीक्षा भी की।

अरोड़ा ने डिप्टी कमिश्नर लुधियाना और नगर निगम के जोनल कमिश्नर को एमपीएलडी योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने माननीय राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और माननीय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार की विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने और सभी विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

समीक्षा बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, ग्लाडा के अतिरिक्त मुख्य प्रशासक ओजस्वी अलंकार, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) अमरजीत बैंस, सी.एस. डॉ. रमनदीप कौर, पीडी एनएचएआई प्रियंका मीणा, जोनल कमिश्नर एमसीएल शेकन और डिप्टी ई.एस.ए. कार्यालय के प्रतिनिधि शामिल थे।

# सितंबर माह में फिरोजपुर मंडल में 28,583 रेल यात्री बिना टिकट यात्रा करते काबू, 1.80 करोड़ जुर्माना

लुधियाना (सुनील शिंगार)
--------------------



बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करने वालों के खिलाफ लगातार स्पेशल अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के चलते फिरोजपुर मंडल के अधिकारियों ने सितंबर महीने में स्पेशल अभियान चलाकर ऐसे ही 28,583 यात्रियों को काबू किया जिनके पास मौके पर टिकट नहीं मिली। रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफ ने इन बिना टिकट यात्रियों को जुर्माना लगाया। रेल अधिकारियों के मुताबिक ऐसे ही बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से सितंबर महीने में एक करोड़ 80 लाख रुपए राजस्व वसूल किया गया है। वही इस मामले में फिरोजपुर मंडल के सीनियर डीसीएम परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ की सक्रियता का परिणाम है कि उन्होंने बिना टिकट यात्रियों को काबू कर इतना राजस्व इकट्ठा किया। वहीं उन्होंने बताया कि यह उन यात्रियों को संदेश है कि जो बिना टिकट यात्रा कर नियमों की उलंघना करते हैं। इस मौके पर फिरोजपुर मंडल के डीआरएम संजीव कुमार ने बताया कि उनकी तरफ से लगातार टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन के अंदर या प्लेटफार्म पर बिना टिकट पकड़े जाना एक जुर्म है। उन्होंने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान के अलावा रेलवे स्टेशन पर गंदगी फैलाने वालों और अवैध ढंग से सामान बेचने वालों के खिलाफ भी उनका स्टाफ लगातार सक्रिय है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में रेल यात्रियों की गिनती भी बढ़ेगी। संजीव कुमार ने बताया कि उन्होंने त्योहारों के सीजन में किसी भी यात्री को परेशानी न हो

# भाजपा शिष्टमंडल ने एग्रीक्लचर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ पंजाब के छात्रों से मिलकर दिया आश्वासन



लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में पीएचडी, एमएससी और बीएससी कृषि के छात्रों द्वारा पीएयू के गेट नंबर एक पर लगाए अनिश्चितकालीन धरने पर भाजपा का एक शिष्टमंडल पंजाब भाजपा महासचिव अनिल सरीन की अध्यक्षता में एग्रीक्लचर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ पंजाब के छात्रों से मिला और उनकी मांगों के बारे में विस्तार से जाना।इस मौके छात्र नेताओं ने अनिल सरीन को जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सत्ता में आने से पहले पंजाब के छात्रों से वादा किया था कि सत्ता में आने पर वे गांवों में कृषि मास्टरों की नियुक्ति करेंगे और कृषि विभाग में रिक्त पदों को भरेंगे, लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी वे पद नहीं भरे गए हैं। इसलिए कृषि डिग्रीधारी पंजाब के बेरोजगार बेटे-बेटियों ने पंजाब सरकार के विरोध में ये धरना लगाया है कि डूबते पंजाब के किसानों को बचाने के लिए कृषि विभाग, मंडी बोर्ड, बागवानी विभाग, मार्कफेड, पनसीड और अन्य संबंधित विभागों के रिक्त पदों को पंजाब सरकार तुरंत भरे। अनिल सरीन ने उनको आश्वासन दिया कि भाजपा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।उनकी मांगों को लेकर भाजपा पूरा प्रयास करेगी और सरकार पर पूरा दवाब बना कर उनकी मांगों का हल निकालने का हर संभव प्रयास करेगी।भाजपा एग्रीकल्चर छात्रों को उनका हक दिलवाकर ही रहेगी।छात्रों की ओर से अनिल सरीन को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल,जिला महामंत्री सरदार नरेंद्र सिंह मल्ली, उपाध्यक्ष मनीष चोपड़ा लक्की आदि मौजूद रहे।कमिश्नर गुरपाल सिंह, नगर निगम के तहबज़ारी विभाग की टीम और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजाब स्वास्थ्य विभाग और पीसीएमएस एसोसिएशन की बैठक, कई अहम फैसले

लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------

चंडीगढ़ में प्रिंसिपल सचिव स्वास्थ्य कुमार राहुल, डायरेक्टर हेल्थ डॉ. हितिंदर कौर और पीसीएमएस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को अहम बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई मुद्दों पर सहमति बनी। सरकार ने 17 अक्तूबर 2025 तक MACP लागू करने की समय-सीमा तय की। इसके तहत 6 अक्तूबर से जिला अस्पतालों में भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। दिसंबर तक सब-डिवीजनल अस्पतालों और मार्च 2025 तक सभी 24x7 सीएचसी में गार्ड तैनात होंगे। इसके लिए वित्त विभाग ने बजट मंजूर कर दिया है और फंड PHSC जारी करेगा। एसएमओ को अस्पताल के उपभोक्ता फंड से खर्च करने की अनुमति मिलेगी। वही पुराने और नए PG भत्तों में अंतर दूर करने के लिए नई फाइल तैयार की जाएगी।

PG के दौरान रोकी गई NPA: सरकार अदालत में दायर LPA वापस लेने की संभावना पर विचार करेगी। वही ओपीडी लापरवाही पर पत्र जारी किया गया। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह केवल सलाह थी और कैडर के प्रति सम्मान बरकरार है।

I-HRMS पोर्टल: अब प्रोबेशन, NOC और MACP मामलों की क्लियरेंस इसी पोर्टल से होगी।

# राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ को लेकर कांग्रेस नेताओं के ब्यान मूर्खतापूर्ण और अज्ञानता से है भरे : गुरदेव शर्मा देबी

लुधियाना (अशवनी पाहवा)
--------------------



कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी व उदित राज द्वारा आर.एस.एस को आतंकी संगठन बताये जाने पर पलटवार करते हुए पंजाब भाजपा के कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के ब्यान मूर्खतापूर्ण और अज्ञानता से भरे है। राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ की गौरवशाली यात्रा को विश्व भर में प्रशंसा मिल रही है। यहां तक की 1962 के भारत चीन युद्ध में आर.एस.एस के कार्यो से प्रसन्न होकर उस समय के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आर.एस.एस को 26 जनवरी की परेड में शामिल किया था परंतु अज्ञानी कांग्रेसियो को यह बाते भूल गई है। विश्व के सबसे बडे गैर सरकारी संगठन राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की और से एक डाक टिकट और सिक्के को स्मारक के तौर पर जारी किया जाना इस संगठन की महत्वता को रेखाकिंत करता है। राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ और उसके अनेक सहयोगी संगठन जिस सेवा भाव से अपना कार्य करते है वहीं उन्हें औरो से अलग करता है, अपनी स्थापना से लेकर अब तक संघ को समय समय पर संकीर्ण उदेश्यो से कांग्रेस नेताओं द्वारा लांछित किया गया। उसके स्वय सेवको को प्रताडित किया गया और उनके खिलाफ षडयंत्र भी रचे गये लेकिन संघ अपनी विचारधारा और अपने उन मूल्यो के प्रति अडिग रहा जिसके लिए उसकी स्थापना की गई थी। इसका परिणाम यह हुआ कि उसकी रीति नीति से सहमत अनेक लोगो की सराहना करने को विवश हुए। संघ के स्वयम सेवक भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप देश को समरस और समर्थ बनाना चाहते है वे जिस त्याग और समर्पण भाव से समाज और राष्ट्र सेवा के अपने दायित्वो का निर्वहन करते है उसका उदाहरण मिलना कठिन है। भाजपा नेता देबी ने कहा कि राहुल गांधी जैसे नेताओं की देशद्रोही मानसिकता का इसी बात से पता चलता है कि वे दक्षिणी अमरीकी देशो की यात्रा के दौरान विदेशाी धरती पर अपने वकतव्यो से भारत का अपमान करने और देश को नीचा दिखाने का काम कर रहे है, राहुल गांधी राष्ट्रीय कलंक बन चुके है वे राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के समर्पण और त्याग को नही समझ सकते।